एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

शुक्रवार, 25 सितंबर 2026

PAGE NO 6 : MIDDLE

वाद-विवाद प्रतियोगिता में अभय व वैष्णवी प्रथम

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक के सेंटर फॉर परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स रिद्धिमा में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। साइबर युद्ध : भविष्य के संघर्षों का नया हथियार" विषय पर पक्ष में एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अभय सिंह व विपक्ष में साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय की वैष्णवी अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पक्ष में केसीएमटी के शहनूर खान ने द्वितीय, एसआरएमएस के मोहित कुमार ने तृतीय और अभिनव अधिकारी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विपक्ष में एसआरएमएस के शिखर मेहरोत्रा द्वितीय, एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की लवी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसआरएमएस की अर्शीको सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता का आरंभ संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सलाहकार सुभाष मेहरा एवं सीईटी के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने किया।